कार्यालय सहायक संचालक,पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण [7/8/2025]
जिला-शाजापुर (म.प्र.) अतारांकित प्र०क्र० 1804 प्रश्न सं. [क्र.3804]
पता :– वन मण्डल ऑफिस के सामने ए.वी.रोड, ☎ (07364) 226218,E mail :- adbmshj@mp.gov.in

## जिला स्तरीय 15 सूत्रीय क्रियांवयन समिति की बैठक दिनांक 21.08.2017 का कार्यवाही विवरण

अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याणार्थ मान.प्रधानमंत्रीजी के 15 सूत्रीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु पुर्नगठित जिला स्तरीय 15 सूत्रीय क्रियान्वयन समिति की बैठक दिनांक 21.08.2017 को अपरान्ह 1:00 बजे आयोजित की गई। बैठक में निम्नानुसार सदस्यगण उपस्थित हुवे :–

| | | |
|---|---|---|
| 01. | मुख्य कार्यपालन अधिकारी,जिला पंचायत शाजापुर | सदस्य |
| 02. | सहायक संचालक,पि0वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग,शाजापुर | सदस्य सचिव |
| 03. | जिला शिक्षा अधिकारी,शाजापुर | सदस्य |
| 04. | जिला परियोजना समन्वयक,सर्वशिक्षा अभियान,शाजापुर | सदस्य |
| 05. | प्राचार्य,औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था,शाजापुर | सदस्य |
| 06. | महाप्रबंधक,जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र,शाजापुर | सदस्य |
| 07. | उपसंचालक,सामाजिक न्याय एवं कल्याण विभाग,शाजापुर | सदस्य |
| 08. | जिला रोजगार अधिकारी,शाजापुर | सदस्य |
| 09. | मुख्य नगरपालिका अधिकारी,शाजापुर | सदस्य |
| 10. | डॉ. श्री इकबाल गौरी,लालपुरा,शाजापुर | अशा.सदस्य |
| 11. | श्री शैलेन्द्र जैन,शाजापुर | अशा.सदस्य |

सर्वप्रथम समिति के सदस्य/सचिव सहायक संचालक,पि.वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों का स्वागत कर परिचय प्राप्त किया गया। तत्पश्चात विभाग की अल्पसंख्यक वर्ग के लिए संचालित योजनाएँ अ.स.छात्रवृत्ति योजना एवं अ.स.स्वरोजगार योजना संबंधी वर्ष 2017–18 की प्रगति की जानकारी दी गई।

बैठक के एजेण्डा अनुसार प्रत्येक विभाग द्वारा अपने विभाग के प्राप्त आवंटन एवं व्यय की जानकारी माननीय अशास.सदस्यगणों को दी गई है।

डॉ.इकबाल गौरी द्वारा वर्तमान में संचालित उर्दु माध्यमिक स्कूल किले में स्थित सेन्ट्रल स्कूल के रिक्त भवन में स्थानांतरित करने हेतु अवगत कराया गया है। उक्त संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया। इनके द्वारा मांग की गई है कि अल्पसंख्यक के लोगों के लिए कैम्प लगे जिससे उन्हें स्वास्थ्य लाभ हो।

(कार्यवाही– जिला परियोजना समन्यक जिला सर्व शिक्षा अभियान,
एवं मुख्य स्वास्थ्य जिला अधिकारी,शाजापुर)

काछीवाडा मोहल्ला,भारतीय विद्या मंदिर स्कूल के सामने एवं अन्य स्कूलों के आसपास साफ–सफाई की व्यवस्था करवाने, शुध्द पेयजल उपलब्ध कराने एवं सभी स्कूलों में स्वच्छ शौचालय बनवाने तथा स्कूलों के पास स्थित धर्मशालाओं के कूड़े–कचरे का उचित निपटान करने हेतु डॉ.गौरी के प्रस्ताव के संबंध में तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही–मुख्य नगरपालिका अधिकारी/जिला परियोजना समन्वयक,शाजापुर)

राज राजेश्वरी मंदिर के पास से कब्रिस्तान तक जाने के रास्ते के पास नाली में सफाई नहीं होने से रास्ते पर कीचड़ एवं गंदगी रहती है। जिससे कब्रिस्तान तक पहुचने में कठिनाई होती है। तत्काल निराकरण करने हेतु निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही–मुख्य नगरपालिका अधिकारी,शाजापुर)

अशास. सदस्य श्री शैलेन्द्र जैन द्वारा संचालित अल्पसंख्यक स्वरोजगार योजना मे राशि रू 1.00 करोड तक की योजना हेतु ऋण दिये जाने के संबंध मे माँग रखी गई, उक्त संबंध मे सहायक संचालक पि0वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण द्वारा योजना के निर्देश अनुसार 10.00 लाख रू से अधिक के आवेदन स्वीकार नही किये जाने के संबंध मे जानकारी दी गई। उक्त संबध में श्री एस.डी.जानोरिया महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र,शाजापुर द्वारा योजना उनके विभाग में संचालित होने की जानकारी दी गई।

निरंतर........

81

इस संबंध मे श्री जैन को अवगत कराया गया कि योजना का स्वरूप रोजगार मूलक एवं आमजन के लिए लाभप्रद होने की दशा मे जिला प्रशासन द्वारा हर तरह से सहायता प्रदान की जावेगी। श्री जैन द्वारा अल्पसंख्यक प्री.मै./पो.मै.छात्रवृत्ति ऑनलाईन होने के पश्चात छात्रवृत्ति की राशि छात्र के खातें में समय पर वितरण नहीं होने के संबंध में अवगत कराया गया। सहायक संचालक द्वारा उक्त संबंध में वरिष्ठ कार्यालय को लिखा जाकर अवगत कराये जाने हेतु आश्वासन दिया गया है।

वक्फबोर्ड की संपति को अतिक्रमण मुक्त करवाने हेतु डॉ.इकबाल गौरी के प्रस्ताव पर उचित कार्यवाही करने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगरपालिका,शाजापुर द्वारा आश्वासन दिया गया।

(कार्यवाही– मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगरपालिका,शाजापुर )

विभागीय अधिकारियों द्वारा मदरसों का निरीक्षण करने में माननीय सदस्यगणों को भी साथ में रखे जाने हेतु डॉ.गौरी द्वारा अवगत कराया गया, उक्त संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही जिला शिक्षा अधिकारी,शाजापुर/जिला परियोजना समन्वयक )

मुख्य नगरपालिका अधिकारी,शाजापुर ने बताया है कि पहले अल्पसंख्यक समुदाय के लिए विशिष्ट आवंटन/बजट आता था। उन्हें पुनः प्रारंभ करने की बात कहीं गई है। सहायक संचालक द्वारा उक्त संबंध में वरिष्ठ कार्यालय को लिखा जाकर अवगत कराये जाने हेतु आश्वासन दिया गया है।

अंत मे सहायक संचालक द्वारा बैठक मे उपस्थित सभी सदस्यगणों को धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक समाप्त की घोषणा की गई।

सहायक संचालक
पि.वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण,शाजापुर
शाजापुर,दिनांक22/08/2017

पृ.क्रमांक/15 सूत्रीय अ0स0/2017–18/1150
प्रतिलिपि :–

01. आयुक्त,पि0वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग म0प्र0भोपाल की और सूचनार्थ।
02. आयुक्त,उज्जैन संभाग उज्जैन म0प्र0की और सूचनार्थ।
03. कलेक्टर महोदय जिला–शाजापुर म0प्र0 की ओर सूचनार्थ।
04. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)अनुविभाग शाजापुर/शुजालपुर की और आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. संबंधित विभाग ~~[illegible]~~ जिला–शाजापुर की और भेजकर अनुरोध है कि उक्तानुसार कार्यवाही विवरण का पालन प्रतिवेदन एक सप्ताह मे इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करे।
06. माननीय अशासकीय सदस्यगण श्री/श्रीमती .................................................... की और सूचनार्थ।

22-8-17
सहायक संचालक
पि.वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण,शाजापुर

O/C